# COVID-19 ग्लोबल जेंडर रिस्पांस ट्रैकर

## प्रिलिम्स के लिये:

COVID-19 ग्लोबल जेंडर रिस्पांस ट्रैकर, यू.एन. वीमेन

## मेन्स के लिये:

COVID-19 और महिलाएँ

## चर्चा में क्यों?

'COVID-19 ग्लोबल जेंडर रिस्पांस ट्रैकर' के आँकड़ों के अनुसार, COVID-19 महामारी के कारण महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में होने वाली गिरावट की रक्षा की दिशा में दुनिया के अधिकांश देशों द्वारा पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैं।

## प्रमुख बिंदु:

- 'COVID-19 ग्लोबल जेंडर रिस्पांस ट्रैकर' 'संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम' (United Nations Development Programme-UNDP) और 'यू.एन. वीमेन' (UN Women) द्वारा लॉन्च किया गया था।
- यह COVID-19 महामारी से निपटने के लिये दुनिया भर में सरकारों द्वारा लागू किये गए नीतिगत उपायों की निगरानी करता है और इस दौरान उत्पन्न लैंगिक मुद्दों को रेखांकित करता है।
- यह ट्रैकर 206 देशों और क्षेत्रों में 2,500 से अधिक संकेतकों का विश्लेषण करता है। विशेषतया लैंगिक क्षेत्र से जुड़े तीन संकेतकों का विश्लेषण करता है:
  - महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हिंसा से निपटना (VAWG);
  - अवैतनिक देखभाल का समर्थन;
  - महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा को मज़बूत करना।

## ट्रैकर के निष्कर्ष:

- 42 देशों द्वारा COVID -19 महामारी की प्रतिक्रिया में कोई लिंग-संवेदनशील उपाय नहीं अपनाए गए हैं।
- सामाजिक सुरक्षा, नौकरियों की सुरक्षा की दिशा में बहुत कम देशों द्वारा महिलाओं की आवश्यकता का ध्यान रखा गया है। एक-तिहाई से भी कम देशों द्वारा अवैतनिक देखभाल का समर्थन किया गया है।
- COVID-19 महामारी ने महिलाओं को कई प्रकार से बुरी तरह प्रभावित किया है यथा- उनके खिलाफ घरेलू हिंसा में वृद्धि हुई है, अवैतनिक देखभाल करने वालों के रूप में सामाजिक सुरक्षा की कमी आदि।

## सिफारिशें:

- महिलाओं को महामारी से खिलाफ प्रतिक्रिया में मदद के लिये राजकोषीय पैकेज की घोषणा की जानी चाहिये।
- महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने के लिये सेवाओं को पर्याप्त रूप से वित्तपोषित किया जाने चाहिये।
- सरकारों को COVID-19 महामारी के प्रति प्रतिक्रिया हेतु नेतृत्व और निर्णयन प्रक्रियाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का समर्थन करना चाहिये।

## आगे की राह:

- COVID-19 महामारी देशों को सामाजिक सुरक्षा के मौजूदा आर्थिक मॉडल को बदलने का अवसर प्रदान करती है।
- 'ग्लोबल जेंडर रिस्पांस ट्रैकर' राष्ट्रीय प्रयासों और फंडिंग में अंतराल पर मार्गदर्शन और सर्वोत्तम प्रथाओं को उजागर करके नीतिगत सुधार में

तेज़ी लाने में मदद कर सकता है।

- ग्लोबल ट्रैकर महिलाओं के खिलाफ हिंसा को दूर करने के उपायों की निगरानी करके सही नीतिगत निर्णय लेने में सरकारों का समर्थन करता है।

## 'यू.एन. वीमेन' (UN Women):

- वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'यू.एन. वीमेन' (UN Women) का गठन किया गया था। यह संस्था महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के क्षेत्र में कार्य करती है।
- यह चार रणनीतिक प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करती है:
    - महिलाओं द्वारा नेतृत्व तथा शासन प्रणालियों में समान रूप से भागीदारी।
    - महिलाओं की आय सुरक्षा, अच्छी कार्य दशाएँ तथा आर्थिक स्वायत्तता।
    - महिलाएँ और बालिकाएँ सभी प्रकार की हिंसा से मुक्त हों।
    - प्राकृतिक आपदाओं एवं संघर्षों और मानवीय कार्रवाई में महिलाओं को विशेष सहायता।
- इसके तहत संयुक्त राष्ट्र तंत्र के 4 अलग-अलग प्रभागों के कार्यों को संयुक्त रूप से संचालित किया जाता है:
    - महिलाओं की उन्नति के लिये प्रभाग।
    - महिलाओं की उन्नति के लिये अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान।
    - लैंगिक मुद्दों और महिलाओं की उन्नति पर विशेष सलाहकार कार्यालय।
    - महिलाओं के लिये संयुक्त राष्ट्र विकास कोष।

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/covid-19-global-gender-response-tracker